राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

गुरूर्गुरूतमो. धाम
NCTE

(उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना

## 21 अप्रैल 2025 / 01 बैसाख 1947

## विषय: राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (NCET) 2025 के अभ्यर्थियों को आवंटित परीक्षा शहर की अग्रिम जानकारी – संबंध में।

**राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA)** द्वारा **राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा (NCET) 2025** का आयोजन **29 अप्रैल 2025 (मंगलवार)** को **4-वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (ITEP)** में प्रवेश के लिए चयनित केंद्रीय/राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों जिनमें IITs, NITs, RIEs एवं सरकारी कॉलेज शामिल हैं, में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु किया जाएगा।

विभिन्न विषयों/माध्यमों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए एक विशिष्ट तिथि-पत्रक (डेट शीट) तैयार किया गया है। तदनुसार, **परीक्षा की तिथि और परीक्षा शहर** के साथ सभी अभ्यर्थियों के लिए **परीक्षा शहर की अग्रिम जानकारी पर्ची (Advance Intimation Slip)** आज https://exams.nta.ac.in/NCET/ पर जारी की जा रही है।

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे **21 अप्रैल 2025** से वेबसाइट https://exams.nta.ac.in/NCET/ पर जाकर **अपने आवेदन संख्या और जन्म तिथि** का उपयोग करके इस सूचना को जांचें/डाउनलोड करें और उसमें दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

कृपया ध्यान दें कि यह **NCET 2025 का प्रवेश पत्र नहीं है।** यह केवल परीक्षा केंद्र के शहर की अग्रिम जानकारी है, जिससे अभ्यर्थियों को योजना बनाने में सुविधा हो सके। **NCET 2025 का प्रवेश पत्र बाद में जारी किया जाएगा।**

हर संभव प्रयास किया गया है कि अभ्यर्थियों को उनकी पसंद के शहर में परीक्षा केंद्र दिया जाए। यदि **City Intimation Slip** डाउनलोड करने में कोई कठिनाई होती है, तो लिए संपर्क सूत्र **011-40759000** पर संपर्क कर सकते हैं या अणु-डाक पते ncet@nta.ac.in पर अपनी समस्या भेज सकते हैं।

सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से **NTA की वेबसाइट** www.nta.ac.in **तथा** https://exams.nta.ac.in/NCET/ पर संपर्क में रहें।

***ह.स्ता.–***
**निदेशक (परीक्षा)**